आकाशवाणी, भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 16.04.2045 समय : 07.10 AM

मुख्य समाचार :-

- मंत्रि-परिषद ने दी मध्यप्रदेश किसान कल्याण मिशन प्रारंभ करने को सैद्धांतिक मंजूरी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों के खाते में जारी करेंगे राशि।
- प्रदेश में फसलों के अवशेष जलाने पर प्रतिबंध, कई जिलों में शुरू हुई कार्रवाई।
- मौसम विभाग के मुताबिक इस साल भी सामान्य से अधिक बरसेगा मानसून।

किसान कल्याण योजना

राज्य मंत्रि-परिषद ने कल मध्यप्रदेश किसान कल्याण मिशन प्रारंभ करने की सैद्धांतिक अनुमति दे दी है। इसके अंतर्गत किसानों के समन्वित विकास के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु पालन एवं डेयरी विभाग, सहकारिता विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग में प्रचलित योजनाओं को एक मंच पर लाया जायेगा। म.प्र. कृषक कल्याण मिशन का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, कृषि को जलवायु-अनुकूल बनाना, धारणीय कृषि पद्धतियों को अपनाना, जैव विविधता और परम्परागत कृषि ज्ञान संरक्षण, पोषण एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन की साधारण सभा के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे।

किसान मेले

प्रदेश के सभी संभागों में इस वर्ष किसान मेले आयोजित होंगे जिसमें किसानों को कृषि, खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित विभिन्न कार्य पद्धतियों और नए अनुसंधान की जानकारी दी जाएगी। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाएगा। कृषि कार्यों से जुड़े आधुनिक उपकरणों को प्रदर्शित भी किया जाएगा। 3 मई को मंदसौर में किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। संभाग स्तरीय किसान मेलों के बाद अक्टूबर माह में एक वृहद राज्य स्तरीय किसान मेला भी आयोजित होगा।

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों के खाते में राशि जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि राशि जारी करने की तारीख में एकरूपता लाने के लिए अब राज्य सरकार द्वारा प्रतिमाह 15 तारीख के आसपास यह राशि प्रदान की जाएगी। प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख महिलाओं के खाते में करीब 1 हजार 552 करोड़ रुपए की राशि जारी की जाएगी। इस अवसर पर 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ रूपए की राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री 25 लाख से अधिक महिलाओं को सिलेंडर रिफिलिंग की 57 करोड़ की राशि भी भेजेंगे। दोपहर 1.30 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

मांडविया-स्विगी समझौता ज्ञापन

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने नई दिल्ली में कल भोजन का ऑनलाइन ऑडर देने और आपूर्ति करने वाली एक कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल के

माध्यम से समान की डिलीवरी के क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढाना है। इस अवसर केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल देश भर में नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों को जोड़ने वाला मंच है। इस वर्ष 31 जनवरी तक इस पोर्टल में सवा करोड़ से अधिक नौकरी के आवेदक और 40 लाख पंजीकृत नियोक्ता दर्ज किए गए हैं।

**नरवाई प्रतिबंध**

प्रदेश में फसलों के अवशेष नरवाई को जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इंदौर जिले में यह आदेश 12 जून तक प्रभावशील रहेगा। शिवपुरी जिले के कोलारस में नरवाई जलाने पर दो किसानों पर 2500- 2500 का जुर्माना किया गया है। वहीँ, आगर मालवा में नरवाई जलाने पर जिले के ग्राम देवली और ग्राम उमरिया लाला के 6 किसानों पर 5-5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। कटनी जिले में अब तक 18 व्यक्तियों के विरुद्ध अलग-अलग पुलिस थानों में 15 प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। सतना जिले की विकासखण्ड मझगवां में 8 एवं उचेहरा में 2 नरवाई जलाने की घटनाएं रिकॉर्ड की गई है। गुना में नरवाई न जलाने के संबंध में पर्याप्त प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

**मौसम**

किसानों के लिए खुशखबरी है। देश में लगातार दूसरे साल मानसून झूम के बरसेगा। देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस वर्ष जून से सितम्बर तक दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून की वर्षा सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है।
बाइटः मृत्युंजय महापात्रा

**वेव्स - रोड टू गेम जैम**

देश के सबसे नवोन्मेषी गेम डेवलपर्स ने रोड टू गेम जैम के शीर्ष दस गेमों की घोषणा के साथ ही सुर्खियों में अपनी जगह बना ली है। “रोड टू गेम जैम“ भारत के गेम डेवलपर्स के लिए अपनी रचनात्मकता और नवीनता दिखाने का एक रोमांचक अवसर है। 175 से अधिक टीमों ने मूल गेम प्रस्तुत किए, जिनमें से प्रत्येक का गेमिंग उद्योग के अनुभवी पेशेवरों की ज्यूरी द्वारा मूल्यांकन किया गया। रोड टू गेम जैम के माध्यम से चुने गए अंतिम शीर्ष दस गेम, वेव्स सम्मेलन में प्रदर्शित किए जाएंगे।

**ज्ञान दान अभियान इंदौर**

ज्ञान दान अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में स्व-सहायता समूहों के परिसंघों ने ग्राम स्तर पर पुस्तकालय का शुभारंभ किया है। इस पुस्तकालय का नाम आजीविका ज्ञान केन्द्र रखा गया है। आजीविका ज्ञान केन्द्र का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर आकांक्षी युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु ग्राम स्तर पर निःशुल्क पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराना है। वर्तमान में उक्त आजीविका ज्ञान केंद्र का शुभारंभ जनपद देपालपुर के ग्राम गौतमपुरा व इन्दौर जनपद अन्तर्गत ग्राम तिल्लोर खुर्द में समूह की महिलाओं द्वारा किया गया है।

**समाचार संक्षेप**

- डिन्डोरी जिले में अब ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इस पहल में सम्बंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के तहत आने वाली ग्राम पंचायतों में शामिल होकर समस्याओं का समाधान करेंगे।
- भारत सरकार की आरएएमपी योजना के प्रदेश में क्रियान्वयन के लिये धार में आज म.प्र. लघु उद्योग निगम नोडल एजेंसी के सहयोग से एक दिवसीय वर्कशॉप जिला पंचायत सभागृह में आयोजित होगी।

- सतना शासकीय आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सतना में आज एवं मैहर जिले के न्यू रामनगर में कल एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है।
- रायसेन जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन तालाब बावड़ी की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है।
- मैहर जिले की राजस्व सीमाओं में भी 30 जून तक बिना अनुमति नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- बड़वानी में भी आज 11 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परिसर में युवा संगम का आयोजन किया जावेगा।
- पन्ना में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण में दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- मुरैना जिले की समस्त तहसीलों में आईआरटी का गठन किया है। इसके तहत आपदाओं के दौरान विभिन्न विभागों, एजेन्सियों के संसाधनों का समन्वय के साथ इस्तेमाल के लिए दायित्वों का निर्धारण किया है।
- गुना में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।
- गिद्ध संवर्धन एवं प्रजनन केन्द्र भोपाल से 10 गिद्धों को उनके प्राकृतिक रहवास हलाली डेम के वनक्षेत्र में आज सुबह छोड़ा जाएगा। इन गिद्धों का प्रजनन गिद्ध संवर्धन एवं प्रजनन केन्द्र केरवा में कराया गया है।

-------